भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1402
दिनांक 10.02.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

युआन वांग–5 का गोदी में आना

1402. श्री असादुद्दीन ओवैसी

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः–

(क) क्या भारत ने 16 से 22 अगस्त, 2022 तक हंबनटोटा के दक्षिणी भाग में युआन वांग–5 के गोदी में आने के बारे में श्रीलंका से अपनी चिंता व्यक्त की थी;
(ख) यदि हां, तो क्या चीन द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में ऐसे जासूसी पोत का उपयोग जासूसी के लिए किए जाने की संभावना है जब भारत मिसाइलों के परीक्षण की तैयारी कर रहा है; और
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा अपनी मिसाइलों को चीनी पोतों द्वारा जासूसी से बचाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ग) सरकार को अगस्त 2022 में हंबनटोटा पत्तन पर एक चीनी नौसैनिक जहाज के आने की रिपोर्ट की जानकारी है। सरकार भारत की सुरक्षा और आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी घटनाक्रम की सावधानीपूर्वक निगरानी करती है और उनकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है।

*****